प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय,
दिनांक–20.07.2023 (सं0–347)

गोपालगंज जिला में पुलिस मुठभेड उपरान्त एक अपराधकर्मी घायल अवस्था में आग्नेयास्त्र तथा भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार

- दिनांक–20.07.23 को गोपालगंज जिले के यादोपुर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुयी कि कतिपय अपराधकर्मी अपराध कारित करने उद्देश्य से मंगलपुर पुल के नीचे एकत्रित हैं।

- गुप्त सूचना के सत्यापन तथा कार्रवाई हेतु जब पुलिस बल के मंगलपुर पुल के निकट पहुँचते हीं पुलिस बल को देखकर अपराधकर्मियों के द्वारा पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी गयी।

- अपराधकर्मियों के द्वारा की जा रही गोलीबारी से स्वयं को बचाते हुये पुलिस बल के द्वारा आत्मरक्षार्थ संयमित जवाबी कार्रवाई की गयी। फायरिंग बन्द होने पर पुलिस बल के द्वारा निरक्षण करने पर एक अपराधकर्मी को घायल अवस्था में पाया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 01 देशी कट्टा, कारतूस तथा घटनास्थल से खोख बरामद किया गया।

- घायल अपराधकर्मी को चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति सामान्य है।

- घटनास्थल से 01 नाव, 01 कार तथा 61 पेटी (528 लीटर) विदेशी शराब बरामद किया गया है।

- घटना के सम्बन्ध में प्राथमिकी अंकित कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

बरामद सामान का विवरणः–

1. देशी कट्टा 01
2. कारतूस
3. 61 पेटी (528 लीटर) विदेशी शराब
4. कार 01

XXXXXX